

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF | BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS | शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 19 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 19 दिसंबर का इतिहास

- **1927 :** महान स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फाँसी दे दी।
- **1961 :** ऑपरेशन विजय के तहत भारतीय सैनिकों ने गोवा के बॉर्ड में प्रवेश किया।
- **1154 :** किंग हेनरी द्वितीय में इंग्लैंड के सम्राट बने।
- **1927 :** उत्तर प्रदेश ऑटोमोबाइल संघ की स्थापना हुई।
- **1934 :** भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल का जन्म हुआ।

## 19 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स


- भारत 2023 में 9-14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए सवाईकल कैंसर का टीका लागू करने की स्थिति में होगा। सवाईकल कैंसर को रोकने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित एचपीवी वैक्सीन अप्रैल-मई 2023 तक उपलब्ध हो जाएगा। सरकार 2023 के मध्य तक 9-14 वर्ष की लड़कियों के लिए एक राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू करेगी। स्वदेशी वैक्सीन सर्ववैक को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने विकसित किया है। यह एचपीवी के चार प्रकारों 16, 18, 6 और 11 से सुरक्षा प्रदान करेगा। टीकों का मौजूदा बाजार मूल्य 2500-3300 रूपये प्रति खुराक है। राष्ट्रव्यापी टीकारण अभियान के लिए कीमत 200 रूपये से 400 रूपये प्रति खुराक होगी।
- भारत उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करने वाला पहला देश होगा। उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी से दूरसंचार क्षेत्र में निवेश आकर्षित होगा। ट्राई अंतरिक्ष स्पेक्ट्रक की नीलामी के लिए एक मॉडल लेकर आएगा। ट्राई उपयुत मॉडल के लिए दुनिया के विशेषज्ञों और नियामकों के साथ चर्चा कर रहा है। ट्राई चर्चा के बाद एक परामर्श पत्र भी जारी करेगा।
- भारत की सबसे बड़ी समकालीन कला प्रदर्शनी कोच्चि में आयोजित की जा रही है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने फोर्ट कोच्चि परेड ग्राउंड में कला प्रदर्शनी के 5वें संस्करण का उद्घाटन किया। केरल के कोच्चि में 5वां कोच्चि मुजिरिस बिएनेल शुरू हो गया है। यह भारत में सबसे बड़ी समकालीन कला प्रदर्शनी है। यह विभिन्न देशों के 90 कलाकारों की 200 प्रमुख रचनात्मक परियोजनाओं को प्रदर्शित करेगा और 10 अप्रैल तक जारी रहेगा।
- पीएम मोदी ने बिलासपुर, नागपुर रूट के बीच भारत की छठी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करेगा। यह सप्ताह में छह दिन काम करेगी। इसका रायपुर, दुर्ग और गोंदिया में स्टॉपेज होगा। यह यात्रा का एक चरण लगभग 5 घंटे 20 मिनट में पूरा करेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस की अधिकतम गति 160 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की पहली सेमी-हाईस्पीड ट्रेन है जो विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से लैस है।
- एसएस राजामौली निर्देशित पीरियड फिल्म आरआरआर को जनवरी 2023 में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में दो कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन ने आरआरआर को नॉमिनेट किया है। फिल्म को दो कैटेगरी बेस्ट नॉन इंग्लिश लैंग्वेज फिल्म में और फिल्म के गाने नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल गाने के लिए नॉमिनेट किया गया है। इससे पहले फिल्म को ऑस्कर में भी भेजने की डिमांड हुई थी हालांकि उस अवार्ड फंक्शन में ऑफिशियल एंट्री बनने से ये फिल्म पीछे रह गई थी।
- महाराष्ट्र ने अंतर्जातीय/अंतर्धर्म विवाह-परिवार समन्वय समिति की स्थापना की है। पैनल शामिल महिलाओं के मायके परिवारों के बारे में भी जानकारी एकत्र करेगा। समिति से विवाहों में महिलाओं के लिए जिला-स्तरीय पहलों की भी देखरेख करेगी जो अपने मायके परिवारों से अलग हो सकती हैं ताकि जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान की जा सके। समिति की अध्यक्षता राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री और भाजपा नेता मंगल प्रभात लोढ़ा करेंगे। समिति में 12 अन्य सदस्य होंगे। इन्हें सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों से लिया जाएगा।
- न्यूजीलैंड ने भविष्य की पीढ़ी के लिए धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने के लिए दुनिया का पहला कानून पारित किया है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। नए कानून के मुताबिक 2008 के बाद जन्म लेने वाला कोई भी व्यक्ति सिगरेट या तंबाकू उत्पादों का एक पैकेट नहीं खरीद पाएगा। इस कानून की वजह से हर साल कम लोग तंबाकू खरीद पाएंगे।
- जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 7वें इंडिया वॉटर इम्पैक्ट समिट 2022 का उद्घाटन किया। इस वर्ष शिखर सम्मेलन का विषय बड़ी घाटियों में छोटी नदियों का जीर्णोद्धार और संरक्षण है। शिखर सम्मेलन का फोकस 5 पी-पीपल, पॉलिसी, प्लान, प्रोग्राम, प्रोजेक्ट के प्रतिचित्रण और अभिसरण के चुनिंदा पहलुओं पर भी होगा। इसका उद्देश्य छितराव के संभावित कारणों की जानकारी देना और अभिसरण प्राप्त करने की रणनीति तैयार करना है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित स्टील्थ विध्वंसक मोरमुगाओं को मुंबई में कमीशन कब किया जाएगा ?**

(A) 19 दिसंबर (B) 20 दिसंबर
(C) 21 दिसंबर (D) 22 दिसंबर

**(A)** आईएनएस मोरमुगाओं सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों और बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में प्रोजेक्ट 15 बी डेस्ट्रॉयर या विशाखापत्तनम क्लास के हिस्से के रूप में बनाया गया है।



**2. भोपाल में आयोजित 8वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव कब से कब तक आयोजित किया जाएगा ?**

(A) 10 से 15 जनवरी 2023 (B) 20 से 23 जनवरी 2023
(C) 21 से 24 जनवरी 2023 (D) 24 से 27 जनवरी 2023

**(C)** 21 से 24 जनवरी 2023 तक मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल में 14 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आईआईएसएफ विज्ञान भारती के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक पहल है। यह विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत की उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर से 8000 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।




**3. गोवा मुक्ति दिवस प्रति वर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 19 दिसंबर (B) 20 दिसंबर
(C) 21 दिसंबर (D) 22 दिसंबर

**(A)** गोवा मुक्ति दिवस हर साल 19 दिसंबर को मनाया जाता है। सदियों के संघर्ष और बलिदान के बाद भारत को अंग्रेजो से आजादी 15 अगस्त 1947 में मिल गई थी। देश आजाद होने के 14 साल बाद भारतीय सैनिकों ने कार्रवाई करते हुए महज 36 घंटे में गोवा को आजाद करा दिया। गोवा को यह आजादी 19 दिसंबर 1961 को मिली तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है।




**4. साल 2031 तक कितने नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र आरंभ हो जाएंगे ?**

(A) 9 (B) 11
(C) 20 (D) 25

**(C)** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को बताया कि वर्ष 2031 तक देश में 20 नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र आरंभ हो जाएंगे जिनसे करीब 15000 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली का उत्पादन हो सकेगा। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि इन 20 संयंत्रों में 700 मेगावाट की क्षमता वाली एक इकाई की शुरूआत 2023 में गुजरात के काकरापार में हो सकती है।




**5. हाल ही में किस राज्य के तंदूर रेडग्राम को जीआई टैग मिला ?**

(A) तेलंगाना (B) तमिलनाडु
(C) केरल (D) ओडिशा

**(A)** हाल ही में तेलंगाना राज्य के तंदूर रेडग्राम को जीआई टैग मिला। इसके साथ तेलंगाना में जीआई पंजीकरण की संख्या बढ़कर 16 हो गई। भारत के विभिन्न राज्यों की 9 नई वस्तुओं को जीआई टैग दिया गया है। इन वस्तुओं में असम का गमोसा, तेलंगाना का तंदूर रेडग्राम, लद्दाख का रक्त से कारपो खुबानी, महाराष्ट्र का अलीबाग सफेद प्याज आदि शामिल है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. भारत ने किस देश के साथ माइग्रेशन और मोबिलिटी पर संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं ?**

(A) फिनलैंड (B) डेनमार्क
(C) आयरलैंड (D) स्वीडन

**(A)** हाल ही में माइग्रेशन और मोबिलिटी पर पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते तक पहुंचने के लिए भारत और फिनलैंड ने प्रवासन और गतिशीलता पर एक संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन और फिनलैंड की रोजगार मंत्री सुश्री तुउला हैटेनेन ने हस्ताक्षर किया है।



**7. किस क्रिकेटर ने एकदिवसीय पारी में सबसे तेज 200 रन बनाने के क्रिस गेल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है ?**

(A) विराट कोहली (B) के एल राहुल
(C) रोहित शर्मा (D) इशान किशन

**(D)** बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में युवा भारतीय खिलाड़ी इशान किशन ने कई रिकॉर्ड कायम किए। यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में दोहरा शतक बनाने वाले इतिहास के छठे और सचिन तेंदुलकर रोहित शर्मा ओर वीरेंद्र सहवाग के बाद भारतीय के चौथे बल्लेबाज बन गए। वह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के आठवें प्लेयर बन गए है।




**8. हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने ओडिशा के कितने जिलों में डिजिटलीकरण केंद्रों का उद्घाटन किया ?**

(A) 8 (B) 10
(C) 15 (D) 17

**(B)** हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने ओडिशा के दस जिलों में डिजिटलीकरण केंद्रों का उद्घाटन किया है। ओडिशा के यह जिले अंगुल, भद्रक, झारसुगुहा, कालाहांडी, क्योंझर, कोरापुट, मल्कानगिरी, मयूरभंज, नयागढ़ और सोनपुर है। डिजिटलीकरण केंद्रों का उद्देश्य आस-पास के असाइन किए गए जिलों के निपटाए गए केस रिकॉर्ड को डिजिटाइज करना होगा।



**9. भारत में नवंबर 2022 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति क्या थी ?**

(A) 5.88% (B) 5.44%
(C) 5.48% (D) 5.22%

**(A)** नवंबर 2022 में भारत में खुदरा मुद्रास्फीति जैसा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापा जाता है। सालाना आधार पर 11 महीने के निचले स्तर 5.88% पर आ गई। अक्टूबर 2022 में महंगाई दर 6.77% थी।




**10. भारत की पहली मास-सेगमेंट फ्लेक्स कार किस कंपनी द्वारा लॉन्च की गई है ?**

(A) हुंडई (B) टाटा मोटर्स
(C) किआ मोटर्स (D) मारूति सुजुकी

**(D)** मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने वैगन आर फ्लेक्स फ्यूल प्रोटोटाइप वाहन को दिल्ली में लॉन्च किया है। यह कार 20 प्रतिशत इथेनॉल और 85 प्रतिशत पेट्रोल मिक्सचर के साथ इथेनॉल-पेट्रोल मिक्सचर पर चलने के लिए डिजाइन की गई है। E85 ईंधन पर चलने वाले इथेनॉल फ्यूल बेस्ड वैगन आर फ्लैक्स फ्यूल प्रोटोटाइप व्हिकल पारंपरिक गैसोलीन वैगन आर मॉडल की तुलना में ग्रीन हाउस गैसों को 79 प्रतिशत तक कम करने में मदद करेगा।

